# राष्ट्रीय संगोष्ठी/National Seminar

# सूचना / NOTICE

**वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, दिल्ली और हिन्दी विभाग, तेजपुर विश्वविद्यालय, तेजपुर, असम के संयुक्त तत्वावधान में 'मानविकी एवं सामाजिक विज्ञानों में तकनीकी शब्दावली का निर्माण, प्रयोग तथा समस्याएँ' विषय पर 29 और 30 अगस्त 2015 को द्विदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन।**

**A two day National seminar on the topic "Technical Terminology in Humanities and Social Sciences: Preparation, Usage and Problems" is being organized by the Department of Hindi, Tezpur University in association with the Commission For Scientific and Technical Terminology, Delhi on 29th & 30th of August, 2015.**

**वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग मानव संसाधन विकास मंत्रालय का एक महत्वपूर्ण उपक्रम है। इसकी स्थापना भारत के संविधान के अनुच्छेद 344 के खंड (4) के उपबंधों के अधीन गठित की गयी एक समिति की सिफ़ारिशों के अनुसार भारत सरकार (शिक्षा मंत्रालय) के एक संकल्प के माध्यम से राष्ट्रपति के 1960 के आदेश द्वारा 1 अक्टूबर, 1961 को की गयी थी। आयोग के मुख्य उद्देश्य हैं-**

1. **हिन्दी तथा अन्य आधुनिक भारतीय भाषाओं में वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दों का निर्माण करना और उनकी परिभाषा देना तथा तकनीकी कोशों/शब्दावलियों और परिभाषा कोशों/विश्व-कोशों का प्रकाशन करना।**
2. **निर्मित शब्द और उनकी परिभाषाएँ लक्ष्य-समूह और प्रयोक्ताओं यथा- छात्रों, शिक्षकों, स्कॉलरों, वैज्ञानिकों, अधिकारियों आदि को उपलब्ध कराना।**
3. **प्रचार-प्रसार के विभिन्न साधनों यथा- कार्यशालाओं/ प्रशिक्षण कार्यक्रमों/ अभिविन्यास कार्यक्रमों/ संगोष्ठियों/ सम्मेलनों आदि के माध्यम से शब्दावली का उचित प्रयोग करने के संबंध में प्रचार करना और विवेचनात्मक फीडबैक प्राप्त करके शब्दावली का आवश्यक अद्यतनीकरण करना/ उसमें वांछित संशोधन/ उपयोगी सुधार करना आदि।**

**आयोग की इन्हीं प्रतिबद्धताओं एवं आज के उत्तर आधुनिक दौर में ज्ञान के नये-नये क्षेत्रों के विकास के साथ-साथ उनकी अभिव्यक्ति तथा विषय-वस्तु निरूपण के लिए नयी संकल्पनाओं के अनुरूप नये शब्दों का निर्माण आवश्यक हो जाता है। इसी अनिवार्यता को ध्यान में रखते हुए वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली आयोग, दिल्ली तथा हिन्दी विभाग, तेजपुर विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में उपर्युक्त विषय पर दिनांक: 29-30 अगस्त, 2015 को द्विदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इस संगोष्ठी में मुख्यतः इतिहास, शिक्षा एवं राजनीति विज्ञान से जुड़े पारिभाषिक शब्दों के हिन्दी में निर्माण, उनके प्रयोग तथा उनसे संबन्धित विभिन्न समस्याओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा। संगोष्ठी के प्रतिभागी मुख्यतः तेजपुर और उसके आस-पास के महाविद्यालयों के शिक्षक-गण होंगे। संगोष्ठी में उपर्युक्त तीनों विषयों के राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे।**

**The Commission for Scientific and Technical Terminology (CSTT) is an important undertaking of the Ministry of Human Resource Development. It was set up on 1st October, 1961 by the Presidential Order of 1960, through a resolution of the Government of India (Ministry of Education), as per the recommendations of the Committee constituted under the provisions of the Clause (4) of the Article 344 of the Constitution of India. The functions of the Commission are:**

1. To evolve and define scientific and technical terms in Hindi and in other modern Indian languages and publish technical dictionaries/glossaries, definitional dictionaries and encyclopaedias.
2. To ensure that the evolved terms and their definitions reach the target and user groups like the students, teachers, scholars, scientists, officers etc.
3. To propagate proper usage of the terminological work through various means of propagation and expansion such as Workshops/Training Programmes/ Orientation Programmes/ Seminars/ Conferences etc. and to ensure necessary updating/ desirable corrections/ useful improvements by obtaining critical feedbacks.

In view of these commitments of the Commission in the modern times, an urgent need arises to coin and construct new words that meets the demands of the emerging areas of knowledge, the more recent and suitable expression for new concepts and content representation, the Department of Hindi, Tezpur University in association with the Commission for Scientific and Technical Terminology, Delhi is going to organize a two-day National Seminar on the above mentioned topic to be held on 29th-30th August, 2015. This Seminar will mainly focus on the discussions about the Preparation, Usage and Problems related to the translation of the technical terms of History, Education and Political Science in Hindi. The participants of the Seminar will mainly be Teachers from various colleges of Tezpur and nearby areas. National level experts of the above mentioned three subjects will discuss the several issues related to the topic in the Seminar.

---

## संगोष्ठी स्थल: काउंसिल हॉल, तेजपुर विश्वविद्यालय, तेजपुर

पंजीकरण: चयनित प्रतिभागियों का पंजीकरण संगोष्ठी स्थल पर दिनांक- 29 अगस्त, 2015 को प्रात: 8.30 से 9.00 बजे तक होगा।

संगोष्ठी से संबंधित किसी भी तरह की जानकारी के लिए संपर्क करें:

डॉ. अनुशब्द, संगोष्ठी–संयोजक, हिंदी विभाग, तेजपुर विश्वविद्यालय, तेजपुर, असम- 784028

दूरभाष: 08876049200, 03712-275755

ई-मेल: anush@tezu.ernet.in / anushabda@gmail.com

- संगोष्ठी-संबंधी नवीन सूचनाओं के लिए कृपया विश्वविद्यालय की वेबसाइट देखते रहें।

## Seminar Venue: Council Hall, Tezpur University, Tezpur

Registration: Registration of selected participants will be on 29th August, 2015 from 8.30 AM to 9.00 AM at the Seminar Venue.

For any information regarding the Seminar, please contact:

Dr. Anushabda
Seminar Co-Ordinator, Department of Hindi, Tezpur University, Tezpur, Assam- 784028
Tel. / Mob: 08876049200, 03712-275755
E-Mail: anush@tezu.ernet.in/ anushabda@gmail.com

- Please check the website of Tezpur University for any new information regarding the Seminar.

**मुख्य संरक्षक**
**प्रो. मिहिर कांति चौधुरी**
**माननीय कुलपति, तेजपुर विश्वविद्यालय**
**एवं**
**प्रो. के. एल. वर्मा**
**अध्यक्ष, वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, दिल्ली**

**संरक्षक**
**प्रो.अमरज्योति चौधुरी**
**माननीय समकुलपति, तेजपुर विश्वविद्यालय**

**सलाहकार समिति**
**प्रो. प्रदीप ज्योति महंत**
**संकायाध्यक्ष, मानविकी एवं समाजविज्ञान**
**तेजपुर विश्वविद्यालय**
**एवं**
**प्रो.प्रशांत कुमार दास**
**अध्यक्ष, अँग्रेजी एवं विदेशी भाषा विभाग**
**तेजपुर विश्वविद्यालय**

**कार्यक्रम प्रभारी**
**डॉ. शाहजाद अहमद अंसारी**
**सहायक वैज्ञानिक अधिकारी**
**वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, दिल्ली**

**संगोष्ठी-अध्यक्ष**
**डॉ. सूर्यकांत त्रिपाठी**
**अध्यक्ष, हिंदी विभाग**
**तेजपुर विश्वविद्यालय**

**संगोष्ठी-निदेशक**
**प्रो. अनंत कुमार नाथ**
**हिंदी विभाग**
**तेजपुर विश्वविद्यालय**

**संगोष्ठी-संयोजक**
**डॉ. अनुशब्द**
**हिंदी विभाग**
**तेजपुर विश्वविद्यालय**

**संगोष्ठी सह-संयोजिका**
**डॉ. अंजु लता**
**हिंदी विभाग**
**तेजपुर विश्वविद्यालय**